निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें : चौहान

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सलकनपुर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता को देखा और सभी निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, सांसद श्री रमाकांत भार्गव, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय सहित अनेक जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने 23 मई 2022 को सलकनपुर में 43 करोड़ 69 लाख 72 हजार रूपए के अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया था। इनमें 6 करोड़ 41 लाख रूपए की लागत से देवीधाम सलकनपुर में शिव मंदिर के समीप पार्किंग तथा शिव मंदिर के विभिन्न विकास कार्य, 16 करोड़ 99 लाख रूपए की लागत से मंदिर परिसर का विकास एवं सौन्दर्यीकरण तथा भोजशाला एवं सूर्य द्वार का नवीनीकरण, 11 करोड़ 55 लाख रूपए की लागत से मेला ग्राउण्ड का विकास, सिंह द्वार का विस्तार एवं सरोवर का सौन्दर्यीकरण तथा 8 करोड़ 74 रूपए की लागत से 125 नवीन दुकानों का निर्माण एवं 6 भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जा रहा है।

श्री चौहान ने सलकनपुर मंदिर प्रांगण में फूलों की दुकान लगाने वाली प्रेमबाई से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने प्रेमबाई को फूल माला पहना कर गले लगाया तो वे भाव विभोर हो उठी।

वैज्ञानिक संस्कृति विकसित करने तीन दिवसीय नवप्रवर्तन महोत्सव आज से

भोपाल(काप्र)।

राज्य में नवाचार और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की संस्कृति को बढ़ावा देने एवं स्कूल कॉलेज के छात्रों और ग्रासरूट स्तर के नवप्रवर्तकों को लाभ देने के उद्देश्य से 11 से 13 अप्रैल तक नवप्रवर्तन महोत्सव का आयोजन होगा।

लघु उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा आंचलिक विज्ञान केंद्र में सुबह 10 बजे महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। एमपी स्टार्टअप सेंटर, एमएसएमई विभाग के सहयोग से आंचलिक विज्ञान केंद्र द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। प्रो. सुनील कुमार, कुलपति, आरजीपीवी एवं पी नरहरि, आयुक्त उद्योग एवं सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भी महोत्सव में उपस्थित रहेंगे। आंचलिक विज्ञान केंद्र के प्रोजेक्ट समंवयक साकेत सिंह कौरव ने बताया कि इस उत्सव का प्राथमिक उद्देश्य प्रदेश के स्कूल-कॉलेज स्तर के छात्रों एवं ग्रासरूट स्तर के नवप्रवर्तकों को कार्यशील परियोजनाओं, मॉडल और उत्पादों के रूप में अपने नवीन विचारों यानि उत्पादों और डिजाइन को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इस उत्सव में भोपाल एवं प्रदेश के स्कूल, कॉलेज के छात्र एवं ग्रासरूट नवप्रवर्तक एक ही छत के नीचे तीन श्रेणियों में अपने नए अभिनव मॉडल तथा परियोजनाओं और उत्पादों, जिसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा, आईटी, परिवहन और संचार आदि के सामने आने वाली चुनौतियों का तकनीकी समाधान प्रदान करना है। नवाचार के दृष्टिकोण और राज्य में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के प्रसार को प्रोत्साहित करने के आइडिया प्रदर्शन करेंगे जिससे राज्य के सतत विकास में लाभ मिल सके।

संतनगर में लाडली बहना पंचायत का आयोजन

भोपाल (हिनप्र)।

लाड़ली बहना योजना के सुचारू रूप से क्रियान्वयन और आवेदन की सुलभता के उद्देश्य से हुजूर विधानसभा के संत हिरदाराम नगर के हेमू कालानी स्टेडियम में लाड़ली बहना पंचायत का आयोजन किया गया।

हुजूर विधानसभा में लाड़ली बहना योजना का कार्य तीव्र स्तर पर हो रहा है, महिलाओं को दस्तावेज से लेकर प्रक्रिया तक में सहायता करने के लिए प्रशासनिक अमला लगा हुआ है। आवेदन करने योग्य कोई भी महिला जानकारी या दस्तावेज के अभाव में योजना के लाभ से वंचित न हो इसको लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा के द्वारा हुजूर विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर निगम वार्ड स्तर पर लाड़ली बहना पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। लाड़ली बहना पंचायत में महिलाओं द्वारा जो भी समस्याएं बताई जा रहीं हैं उसके तत्काल निराकरण के लिए इस पंचायत में अधिकारी भी उपस्थित रहे। विधायक शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना में आवेदन कर रहीं महिलाओं को कोई समस्या न हो इसके लिए पहले से सारी तैयारियां कर लें। किसी भी स्तर पर होने वाली समस्या का तत्काल निराकरण करें, कोई भी योग्य बहन इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहनी चाहिए।

लाड़ली बहना पंचायत में शामिल महिलाओं से संवाद करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि शिवराज सरकार पूरे प्रदेश को परिवार मानकर काम रही है, महिलाओं के लाड़ले भैया शिवराज जी को हर क्षण अपनी बहनों की चिंता रहती है और इसी का परिणाम है लाड़ली बहना योजना। यह योजना बहनों के जीवन की दशा और दिशा बदलने का सार्थक प्रयास सिद्ध होगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पार्षद करिश्मा विकास मारण, मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष राम बंसल, भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, चंदू भैया, किशन अच्छानी, सूरज यादव, राजू मीना सहित हज़ारों की संख्या में बहने उपस्थित रहीं।

रेखा किशनानी के नेत्रों का दान : संत हिरदाराम नगर निवासी 65 वर्षीय श्रीमती रेखा किशनानी का देहावसान सोमवार को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र भरत किशनानी ने अपनी माताजी की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दीं । स्व. रेखा किशनानी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवासदन अस्पताल ने अभी तक 1989 दृष्टिबाधित लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है।

कोविड तैयारियों के लिए एम्स में समीक्षा बैठक

भोपाल (काप्र)।

कार्यपालक निदेशक, एम्स, भोपाल की अध्यक्षता में कोविड तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

चिकित्सा अधीक्षक ने बैठक में बताया कि कोविड रोगियों के लिए निर्धारित किए जाने वाले कुछ ऑक्सीजन बेड चिह्नित किए गए हैं। निदेशक ने उनको मरीजों और उनके परिचारकों द्वारा कोविड रोकथाम की सावधानियों के बारे में स्वास्थ्य जागरूकता के लिए ओपीडी में करने योग्य और न करने योग्य बातों की जानकारी वाले पोस्टर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया । विभागाध्यक्ष, पल्मोनरी मेडिसिन विभाग ने बताया कि पिछली बार किए गए प्रबंधन की तर्ज पर इस बार भी आईसीयू बेडों को कोविड रोगियों के लिए आईसीयू देखभाल की आवश्यकता के अनुसार चरणबद्ध तरीके से निर्धारित किया जाएगा । विभागाध्यक्ष, एनेस्थिसियोलॉजी विभाग ने बताया कि ऑक्सीजन की वर्तमान आपूर्ति किसी भी घटना से निपटने के लिए पर्याप्त है। विभागाध्यक्ष, ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग ने बताया कि नमूना संग्रहण क्षेत्र (सैंपल कलेक्शन एरिया) तैयार है और विभाग द्वारा कोविड संक्रमण के प्रबल संदेह के साथ विभाग में रिपोर्ट करने वाले मरीजों के स्वैब के नमूने लिए जाते हैं ।

माइक्रोबायोलॉजी के विभागाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल, विभाग में आरटीपीसीआर जाँच के पर्याप्त किट उपलब्ध हैं और विभाग द्वारा पॉजिटिव मामलों की सीक्वेंसिंग की जाएगी । जनरल मेडिसिन के विभागाध्यक्ष द्वारा चिकित्सा अधीक्षक को दवाओं की आवश्यकता से अवगत कराया जाएगा ताकि किसी भी घटना के लिए अस्पताल स्टोर और अमृत फार्मेसी स्टोर में दवाओं की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित की जा सके ।

बीएसएसएस को सस्टेनेबल इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया ग्रीन रैंकिंग अवार्ड

भोपाल(काप्र)।

मुंबई की संस्था आर वर्ल्ड इन्स्टीट्यूशन ने द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइनसेस को सस्टेनेबल इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंडिया ग्रीन रैंकिंग 2023 विद गोल्ड बैंड (ग्रेड) अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

आर वर्ल्ड इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग का मानना है कि पृथ्वी पर स्थिरता के लगभग सभी रूप मानव आचरण से संबंधित हैं इसलिए,स्थिरता बनाए रखने के लिए नैतिक पहलू महत्वपूर्ण हैं। सस्टेनेबिलिटी के तीन स्तंभ: हैं-पर्यावरण (ग्रह), समाज और अर्थशास्त्र। इन्हीं आधारों के अनतर्गत इस वर्ष का यह अवार्ड बीएसएसएस के हरे-भरे कैंपस, प्रदूषण रहित पर्यावरण, वैस्ट मैनेजमेंट, प्लांटेशन ड्राइव, वाटर कंजर्वेशन के साथ सोलर पैनल्स की सफल कार्यप्रणाली को देखते हुए दिया गया है। प्रोफेसर डॉ शीबा जोसफ ने बताया कि इससे पहले भी बीएसएसएस के स्वच्छ कैंपस और हरियाली को देखते हुए अलग-अलग संस्थाओं और सरकार की तरफ से अनेक अवार्ड्स देकर कॉलेज को सम्मानित किया जा चुका है। संस्थान के प्राचार्य डॉ फादर जॉन ने बीएसएसएस परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह भी टीम वर्क का सुंदर परिणाम है।

सिंधी में 12वीं पास को सरकार दे सिंधी शिक्षक की नौकरी

भोपाल (हिनप्र)। सिंधी भाषा दिवस तक बेमानी है, जब तक सिंधी भाषा को रोजगार से नहीं जोड़ा जाता है। इसे सीखने वाले विद्यार्थियों को आर्थिक संबल नहीं मिलता है, तब तक भाषा का विकास संभव नहीं है। यह कहना है अखिल भारतीय सिंधी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश जसवानी का। जसवानी ने कहा है कि 10 अप्रैल 1967 को सिंधी लिपि को संविधान की 8वीं अनुसूची में इस लिहाज से शामिल किया गया था कि भाषा का उत्थान होगा, लेकिन विकास की जगह ह्रास होना शुरू हो गया। सिंधी लिपि को पढ़ने से विद्यार्थियों को कोई लाभ नहीं होता, 70 के दशक के बाद से ही विलोपन होते-होते आज यह लगभग लुप्तप्राय होने की कगार पर है। बड़े शहरों में केवल 15 प्रतिशत परिवारों में ही सिंधी में आपस में बातचीत होती है, जबकि 85 फीसदी सिंधी या तो हिंदी अथवा आपस में अंग्रेजी में बात करने लगे हैं।

आम सूचना

मेरे पक्षकार **आधार हाऊसिंग फाइनेन्स लि.,** जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्री नामदेव पुत्र श्री गुलाब ने संपत्ति जो कि शेड नं.-12, सुदामा नगर, हाऊसिन्ग बोर्ड कॉलोनी, तह. हुजूर, जिला भोपाल, में स्थित है, को मेरे पक्षकार के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। यह कि उक्त संपत्ति उन्होने म.प्र. गृह निर्माण मंडल, भोपाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र जो कि उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पु.क्र.-अ-1, ग्रंथ क्र.-7801, क्र.-6206, दिनांक 11/12/91 पर पंजीकृत है एवं रजिस्टर्ड लीज़ अनुबंध जो कि उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पु.क्र.-अ-1, ग्रंथ क्र.-7801, क्र.-6205, दिनांक 11/12/91 पर पंजीकृत है, के द्वारा क्रय किया था। उक्त संपत्ति का नाप 516 वर्गफिट है व चर्तुसीमायें पूरब-शेड नं.-02, पश्चिम-रोड, उत्तर-शेड नं.-11 व दक्षिण-शेड नं.-13 है। यह कि उक्त संपत्ति से संबंधित उक्त मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं मूल रजिस्टर्ड विक्रय अनुबंध कहीं गुम हो गए हैं एवं काफी खोजने पर भी नहीं मिले हैं एवं तत्संबंध में संबंधित पुलिस थाना में एक आवेदन दिनांक 16/03/23 का भी दिया जा चुका है। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के **07 दिवस** के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

भवदीय दीपक शर्मा (एडवोकेट)
कार्या.-ई-5/13-सी, अरेरा कालोनी, भोपाल
फोन: 0755-4007897,9993001229

1141

कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल

क्र. क्यू/रा.नि./2022 भोपाल दि. 6.4.23-24

सूचना पत्र

1. श्री सताक्षी गार्डन अध्यक्ष
2. श्री पिताम्बरा रीगल होम्स

विषय: भूमि का सीमांकन बावत्।

संदर्भ- राजस्व प्रकरण क्र. 04/अ-12/ 2023-24।

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक विशुतोष सिंह पिता/पति श्री अरुण सिंह निवासी ग्राम खजूरी कलां भोपाल ने खसरा क्रमांक 33 रकबा 0.3120 स्थित ग्राम खजूरीकलां प.ह.नंबर 100 तहसील हुजूर जिला भोपाल का सीमांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 12.4.23 को समय 11.000 बजे किया जाना निश्चित किया है। आपको पड़ोसी कृषक होने के कारण सूचित किया जाता है कि आप सीमांकन के समय उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते हैं। आपकी अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन की कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी। नोट- अपरिहार्य कार्य की वजह से तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।

राजस्व निरीक्षक
नजूल वृत्त एम.पी. नगर
जिला भोपाल

1140

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय...

समाधान प्रदाता बनना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि नागरिकों में देश की सेवा करने का जज्बा होना चाहिए। उन्हें देश में उत्पन्न होने वाली समस्याओं और मुद्दों को समझने की कोशिश करनी चाहिए और उन्हें हल करने में छोटे पैमाने पर योगदान देने के लिए जिम्मेदार महसूस करना चाहिए। उन्होंने नवप्रवर्तकों, उद्यमियों, पारंपरिक ज्ञान धारकों और उद्योग के प्रतिनिधियों से पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ समाधान खोजने और इस दिशा में नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक साथ आने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि फाइन एक अनूठा प्रयास है जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देता है और नागरिकों को उद्यमिता शुरू करने एवं भारत तथा विदेशों में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता की भावना और चुनौतीपूर्ण समस्याओं का समाधान खोजने के उत्साह को बढ़ावा देकर पुरस्कृत किया जाना चाहिए।

विदेश जाएं तो राजनीतिक...

बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और सभी आकलन यह बताते हैं कि इस दशक में यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। यह लोगों की प्रतिबद्धता और बेहतर स्वास्थ्य से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि हमारा अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित है तो कुछ भी हमें नहीं रोक सकता। श्री धनखड़ ने कहा कि लोगों को अपने मन और मस्तिष्क को स्वस्थ रखना चाहिए और राष्ट्रवाद की भावना बनायें रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ? सर्वे भवन्तु सुखिन: ?, सभी खुश रहें तभी फलीभूत होगा जब हम पूर्ण रूप से स्वस्थ होंगे। इसमें मैंने राष्ट्रवाद का एक एंगल जोड़ा है क्योंकि दुनिया के हालात देखने से ये स्पष्ट है कि हम अपने राष्ट्रवाद से प्रति प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने कारोबारियों और उद्योगपतियों से राष्ट्रवाद के प्रति प्रतिबद्ध रहने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें आर्थिक राष्ट्रवाद की ओर सोचना चाहिए और यह उनके कारोबार में झलकना चाहिए। कोई भी आर्थिक लाभ बिना आर्थिक राष्ट्रवाद के उचित नहीं हो सकता। कोविड प्रबंधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सराहना करते हुए श्री धनखड ने कहा कि आज के दिन जब पीछे कोविड़ के दिनों को देखते हैं तो हमारे देश के बराबर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि पर कुछ लोगों ने नुक्ताचीनी की। कुछ लोगों में नुक्ताचीनी का डीएनए है कि वे इसका कोई मौका छोड़ते नहीं है। आपकी प्रतिस्पर्धा समाज में हो, राजनीति में हो, कहीं और भी हो, तो नुक्तचीनी करो, लेकिन जहां देश का मुद्दा हो वहां किसी बात की नुक्ताचीनी नहीं होनी चाहिए।

जोजिला टनल परियोजना...

सफलता मिली है। उन्होंने कहा श्रीनगर यह हमारे देश के लिए पहला मौका है जब हम किसी परियोजना की अनुमानित लागत में 5,000 करोड़ रुपये की बचत करने जा रहे हैं। यहां पर काम करना बहुत मुश्किल है। लोग शून्य से 26 डिग्री सेल्सियस नीचे में काम कर रहे हैं। गडकरी ने कहा कि इस सुरंग का 38 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और आम लोगों को राहत देने के लिए इस परियोजना के एक हिस्से का उद्घाटन इसी साल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने पर पूरे इलाके में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जोजिला सुरंग का निर्माण करने वाली कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) के परियोजना प्रमुख हरपाल सिंह ने कहा कि इसका काम पूरी रफ्तार से चल रहा है। सिंह ने कहा श्रीनगर सोनमर्ग से मिनीमार्ग तक इस परियोजना की कुल लंबाई 31 किलोमीटर है। सोनमर्ग से बालटाल तक 18 किलोमीटर लंबा मार्ग है और उसके बाद बालटाल से मिनीमर्ग तक मुख्य सुरंग 13 किलोमीटर की है। दोनों परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। बाद में गडकरी ने जेड मोड़ सुरंग के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने इस सुरंग के इस साल अक्टूबर में शुरू होने की उम्मीद जताई। यह सुरंग गगनगीर को सोनमर्ग से जोड़ने का काम करेगी जिससे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में हर मौसम के अनुकूल संपर्क सुविधा मिल सकेगी।

मोदी से वफादारी दिखाने...

चाहता। वरना मैं ऐसे 10 उदाहरण दे सकता हूं जहां वह (राहुल) विदेश जाकर अवांछित उद्योगपतियों से मिलते हैं। जयराम रमेश ने आजाद पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया कि हर गुजरते दिन के साथ, गुलाम नबी आजाद अपना असली चरित्र और मोदी जी के प्रति वफादारी को दिखाने के लिए नीचे गिरते जा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व पर उनका तुच्छ बयान इस बात को दर्शाता है कि वह प्रासंगिक बने रहने के लिए कितने परेशान हैं। मैं यही कह सकता हूं कि यह बहुत दयनीय है। आजाद के बयान के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जिनके पास बंगला है, उन्हें बंगला मुबारक हो। वह किसके धुन पर ये राग दरबारी सुना रहे हैं, वो सब जानते हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस मांग कर रही है कि अडाणी मामले में जेपीसी की जांच हो। इसलिए भाजपा ऐसे लोगों का इस्तेमाल कर रही है जो पहले कांग्रेस में थे। पहले महाराज (ज्योतिरादित्य सिंधिया) को आगे किया गया और अब आजाद को लाया गया है। उन्होंने शरद पवार के बयान पर कहा कि शरद पवार ने कहा है कि जेपीसी की जांच से सच पता नहीं चलेगा। इसमें क्या गलत है। हम सब यह जानते हैं कि जेपीसी में भाजपा के सदस्य ज्यादा होंगे, कुछ तो ऐसा सच है जो सामने नहीं आएगा। लेकिन जेपीसी की मांग इसलिए की गई है कि मंत्रालयों, सरकार और विभागों की भूमिका की जानकारी सबसे सामने आनी चाहिए।

कोरोना के बढ़ते...

करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सूचित किया गया कि वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) वायरस के वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट(वीओआई), XBB. 1.5 और छह अन्य स्वरूपों (बीक्यू.1, BA. 2.75, सीएच.1.1, एक्सबीबी, एक्सबीएफ और XBB. 1.16) पर बारीकी से नजर रख रहा है। वायरस का वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट (वीओआई) उन स्वरूपों को कहा जाता है जिनके स्वरूपों में परिवर्तन के शुरुआती वैज्ञानिक साक्ष्य मिले हैं और जो तेजी से प्रसारित हो रहे हैं। बैठक के दौरान यह भी पाया गया कि 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जांच दर मौजूदा राष्ट्रीय औसत प्रति 10 लाख लोगों पर 100 जांच की तुलना में कम है। मांडविया ने कहा था कि वायरस के नए स्वरूपों के आने के बावजूद पांच नियमों ''जांच - निगरानी - उपचार - टीकाकरण और कोविड-उपयुक्त व्यवहार के पालन की रणनीति कोविड-19 प्रबंधन के लिए आजमाई हुई रणनीति बनी हुई है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से भी जांच की दर में तेजी लाने और परीक्षणों में आरटी-पीसीआर की भागीदारी बढ़ाने का अनुरोध किया गया।

मेटा सरकार के विजन...

उपलब्ध होगा। हैशिंग इमेजिस या वीडियो को एक कोडित रूप में बदल देता है जिसे अब देखा नहीं जा सकता है, हैश का उत्पादन करता है जो सुरक्षित डिजिटल फिंगरप्रिंट हैं।मेटा ने कहा कि एक बार हैश उत्पन्न हो जाने के बाद, हम उन हैश का उपयोग किसी भी कॉपी या इमेजिस या वीडियो को खोजने के लिए कर सकते हैं, उन्हें नीचे ले जा सकते हैं और भविष्य में हमारे ऐप्स पर पोस्ट होने से रोक सकते हैं। मेटा में ग्लोबल हेड ऑफ सेफ्टी के वाइस प्रेसिडेंट, एंटिगोन डेविस ने कहा कि महिलाओं और किशोरों को ऑनलाइन सुरक्षित रखना एक उद्योग-व्यापी चुनौती है और हम समाधान का हिस्सा बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम न केवल अपने प्लेटफॉर्म पर बल्कि ऑनलाइन भी महिलाओं और किशोरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम उठाते हैं। महिलाओं और किशोरों की सुरक्षा के लिए हमारे पास नीतियां और तकनीक है, हम उपयोगकर्ताओं को ब्लॉक करने, कमेंट फिल्टर करने और रिपोर्टिंग करने जैसे टूल प्रदान करते हैं। कंपनी ने हैशटैग अमृत जेनरेशन अभियान शुरू करने के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय के साथ साझेदारी की है, जो युवा लोगों को प्रोत्साहित करेगा, जिनमें से कई इच्छुक रचनाकार हैं, जो भविष्य के लिए अपनी दृष्टि को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। मेटा की उपाध्यक्ष और प्रमुख (भारत), संध्या देवनाथन ने कहा कि आज, लाखों महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसाय और किशोर अपने प्रामाणिक स्वयं को व्यक्त करने के लिए हमारे ऐप्स का उपयोग करते हैं। हम ऐसे टूल और संसाधन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे ऐप्स और इंटरनेट को अधिक सुरक्षित और समावेशी बनाएंगे। सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2023 पर, कंपनी ने अपने हैशटैग डिजिटल सुरक्षा अभियान के पहले चरण की शुरुआत की थी।

सुई की नोंक जितनी...

से सटा हुआ है। अमित शाह की वाइब्रेंट विलेज योजना पर 4800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इनका दौरा काफी अहम माना जा राह है क्योंकि हाल में चीन ने अरुणाचल के 11 स्थानों के नाम बदल दिए थे। चीन ने हाल ही में कुछ स्थानों का नाम बदल दिया है, जिसे भारत अपने पूर्वी राज्य अरुणाचल प्रदेश के रूप में मानता है। लेकिन चीन उन इलाकों पर अपना दावा करता है। भारतीय गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा पर एक सवाल के जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, जंगनान चीन का क्षेत्र है। भारतीय अधिकारी की जंगनान यात्रा चीन की क्षेत्रीय संप्रभुता का उल्लंघन करती है और सीमा की स्थिति और शांति के लिए अनुकूल नहीं है।' उसी जगह गृह मंत्री अमित शाह की यह यात्रा अरुणाचल प्रदेश में चीन के मंसूबों का जवाब है क्योंकि यह उसी क्षेत्र में है जिस पर चीन आए दिन अपना दावा करता है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का उद्देश्य उत्तरी सीमा के अपने हिस्से में स्थायी गांवों को प्रोत्साहित करना है।

चुनाव आयोग ने आप...

आयोग ने कहा था कि वो शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय पार्टी स्थिति की समीक्षा करेगी। आयोग ने एनसीपी के प्रतिनिधित्व पर सुनवाई करेगा, जिसमें उसके फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। सूत्रों ने बताया था कि एनसीपी अब राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे की आवश्यकता को पूरा नहीं करती है। एक राजनीतिक दल को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी जाती है, यदि उसके उम्मीदवार लोकसभा या विधानसभा चुनावों में चार या अधिक राज्यों में कम से कम 6 फीसद वोट हासिल करते हैं। इसके अलावा उसे कम से कम चार लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करनी होती है। आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने पर दिल्ली के सीएम और आप के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया कि इतने कम समय में राष्ट्रीय पार्टी? ये किसी चमत्कार से कम नहीं। सबको बहुत बहुत बधाई। देश के करोड़ों लोगों ने हमें यहां तक पहुंचाया। लोगों को हमसे बहुत उम्मीद है। आज लोगों ने हमें ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। हे प्रभु, हमें आशीर्वाद दो कि हम ये जिम्मेदारी अच्छे से पूरी करें।

कार्यालय सहायक संचालक उद्यान सिलारी (पिपरिया), जिला-नर्मदापुरम (म. प्र.)

E-Mail-adh.ppi@gmail.com दूरभाष 07576-220109

क्र./ उद्यान / तक. / नीलामी / 2023-24 / 09 **नीलामी सूचना** सिलारी, दिनांक 04/04/23

इस कार्यालय के अधीन शासकीय उद्यान सिलारी / रामपुर एंव खापरखेड़ा की आम/कटहल फलबहार 2023 की नीलामी हेतु सीलबंद निविदाए दिनांक 25.04.2023 दिन मंगलवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदांए उसी दिन दोपहर 2 बजे उपस्थित व्यापारियो के समक्ष खोली जावेगी। सीलबंद निविदाओ में पर्याप्त राशि न आने पर उसी दिन खुली बोली से नीलामी की जावेगी।

फलबहार का उद्यानवार विवरण निम्नानुसार है

क्र.	उद्यान का नाम	धरोहर राशि	फलबहार	कुल फलित पेडों की संख्या	किस्म
1	2	3	4	5	6
1.	सिलारी उद्यान खंड-1 अ+द	25,000.00	कलमी आम	158	दशहरी, लंगडा, चौसा, बाम्बेग्रीन मल्लिका एवं अन्य किस्में
	खंड-2 ब+स	30,000.00	कलमी आम	282	दशहरी, लंगडा, चौसा, फजली मिश्री, मल्लिका एवं अन्य किस्में
2.	रामपुर उद्यान	20,000.00	कलमी आम	55	लंगडा, दशहरी चौसा, मल्लिका एवं अन्य किस्में
3.	खापरखेड़ा उद्यान	10,000.00	कलमी आम	32	लंगडा, दशहरी, चौसा एवं अन्य किस्में
4.	सिलारी उद्यान	2,000.00	कटहल	16	रूद्रास

नीलामी की शर्ते एवं अन्य जानकारी के लिये सहायक संचालक उद्यान सिलारी के कार्यालयीन समय में दूरभाष नम्बर 07576-220109 पर संपर्क करें।

सहायक संचालक उद्यान
सिलारी (पिपरिया)

जी-11283/23

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल

यांत्रिक विभाग (मुख्यालय) गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल.)

क्र. /यां.वि./2023 **निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र** **भोपाल दि. 10/4/2023**

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पर दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती हैं।

S No.	Tender ID	Name of Work	Probable Amount of Contract (Rs in lack)	Earnest money Dep. (E (MD) InRs	Cost of Bid Document (In Rs.)	Period of Completion (In Rs.)	SOR
1.	2023-UAD_266256_1	ASPHALTING OF ROAD AT JINCI SQ GALLA MANDI ROAD AND BARKHEDI AREA WARD 42 ZONE 10	39,67,845/-	29,759/-	5000/-	02 Months	MPUADD ISSR 2021
2.	2023-UAD_266241_1	CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AT 9A-9B NEAR DURGA MANDIR ROAD W-54, ZONE 13	38,15,843/-	28619/-	5000/-	02 Months	MPUADD ISSR 2021
3.	2023-UAD_266233_1	CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AT PLATFORM No. 6 SQUARE NEAR IRANI BADA SAMANTAR ROAD WARD 18 ZONE 04	4,24,574/-	4246/-	2000/-	02 Months	MPUADD ISSR 2021

1. Interested bidders can view the NIT On website https://www.mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30 A.M. (Time) 10.4.2023 (date) to 17:30 P.M. (time) 24.4.2023 (date) 3. Amendments to NIT (if any) would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.4.For special condition pleas read carefully section 3 condition of contract